# करेंट अफेयर्स टुडे

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

## परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य अध्ययन

## (अक्टूबर मैगज़ीन जाँच परीक्षा)

## दिनांक- 13-10-2019

**समय : दो घण्टे** | **पूर्णांक : 200**

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्न आदि न हो। यदि ऐसा हो तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिये।**
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिये।**
3. इस पंक्ति के साथ में दिये गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिये गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिये गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिये केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिये गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिये गए निर्देश देख लें।
6. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर केवल उत्तर-पत्रक अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिये कुछ पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिये दंड:**
    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिये गए गलत उत्तरों के लिये दंड दिया जाएगा।**

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिये चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गए एक गलत उत्तर के लिये प्रश्न हेतु नियत किये गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, चाहे दिये गए उत्तरों में से एक उत्तर सही हो, उस प्रश्न के लिये उपर्युक्तानुसार ही दंड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिये **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

1. 'आभासी मुद्रा पर अंतर-मंत्रालयी समिति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. वित्त सचिव सुभाष गर्ग की अध्यक्षता में क्रिप्टोकरेंसी पर गठित अंतर-मंत्रालयी समिति द्वारा वित्त मंत्रालय के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।
   2. इस समिति ने बिटक्वाइन एवं इसके जैसी अन्य सभी निजी क्रिप्टोकरेंसीज़ पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है।
   3. इस समिति ने अपनी रिपोर्ट के साथ 'क्रिप्टोकरेंसी प्रतिबंध एवं आधिकारिक डिजिटल मुद्रा नियमन विधेयक, 2019' का मसौदा भी प्रस्तुत किया।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. 'उपभोक्ता संरक्षण विधेयक, 2019' के तहत उपभोक्ताओं के कई अधिकारों को स्पष्ट किया गया है, जिनमें शामिल हैं-

   1. ऐसी वस्तुओं और सेवाओं की मार्केटिंग के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना, जो जीवन और संपत्ति के लिये जोखिमपूर्ण हैं।
   2. वस्तुओं या सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता, मानक और मूल्य की जानकारी प्राप्त होना।
   3. प्रतिस्पर्द्धात्मक मूल्य पर वस्तु और सेवा उपलब्ध कराने का आश्वासन प्राप्त होना।
   4. अनुचित या प्रतिबंधित व्यापार की स्थिति में मुआवज़े की मांग करना।

   कूट:

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

3. 'मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. इस अधिनियम के प्रावधान 25 राज्यों के परिवहन मंत्रियों की सिफारिशों पर आधारित हैं।
   2. इस अधिनियम में केंद्र सरकार के लिये मोटर वाहन दुर्घटना कोष के गठन की बात कही गई है जो भारत में सड़क का उपयोग करने वालों को अनिवार्य बीमा कवर प्रदान करेगा।
   3. इस अधिनियम में यातायात के नियमों के उल्लंघन पर लगने वाले जुर्माने की राशि कम की गई है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

   (a) केवल 2 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

1. Consider the following statements in the Context of 'Inter-ministerial Committee on Virtual Currency':

   1. A report was presented before the Finance Ministry by the Inter-ministerial Committee constituted for Cryptocurrency, headed by the Finance Secretary Subhash Garg.
   2. This Committee has recommended banning Bitcoin and all such private cryptocurrencies.
   3. Along with its report, this committee also presented its draft 'Banning of Cryptocurrency & Regulation of Official Digital Currency Bill, 2019.'

   Which of the statement(s) given above is/are correct?

   (a) 1 only (b) 1 and 2 only
   (c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

2. Several rights of consumers have been clarified under the 'Consumer Protection Bill, 2019' which include-

   1. To provide protection against marketing of goods and services are hazardous to life and property.
   2. To have information of quality, quantity, purity, standard and price of goods or services.
   3. To be assured of providing goods and services at a competitive price.
   4. To demand for compensation in the event of inappropriate or restricted trade.

   Code:

   (a) 1 and 2 only (b) 2 and 3 only
   (c) 1, 3 and 4 only (d) 1, 2, 3 and 4

3. Consider the following statements in the Context of 'Motor Vehicles (Amendment) Act, 2019':

   1. The provisions of this Act are based on the recommendations of the Ministers of Transport of 25 states.
   2. This Act envisages the constitution of a Motor Vehicle Accident Fund for the Central Government, which will provide mandatory insurance cover to road users in India.
   3. In this Act, the amount of penalty for violation of traffic rules has been reduced.

   Which of the statement(s) given above is/are **not** correct?

   (a) 2 only (b) 1 and 3 only
   (c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3


Copyright – Drishti The Vision Foundation
\\dtp4\Weekly Test\2019\Magazine Test\10 Current Qus Oct 2019\10 Current Qus Oct 2019\7th Proof\12-10-2019

4. 'सूचना का अधिकार (संशोधन) विधेयक, 2019' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस संशोधन के अनुसार, मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों का कार्यकाल केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया जाएगा।
   2. केंद्रीय सूचना आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त तथा अधिकतम 10 केंद्रीय सूचना आयुक्तों का प्रावधान है और इनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

5. 'प्रवर्तन निदेशालय' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक बहु अनुशासनात्मक संगठन है, जो वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग का हिस्सा है।
   2. यह दो विशेष राजकोषीय कानूनों- विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) और धन की रोकथाम अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों को लागू करने का कार्य करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

6. 'राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है जो भारतीय कंपनियों से संबंधित मुद्दों पर निर्णय देता है।
   2. इसका गठन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 18 के तहत किया गया था।
   3. इसमें कुल पंद्रह पीठ हैं, जिनमें नई दिल्ली में तीन पीठ हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

7. 'पोंजी स्कीम' है-
   (a) गरीब किसानों के लिये चलाई जा रही योजना
   (b) धोखाधड़ी युक्त निवेश घोटाला
   (c) काले धन को मापने की एक पद्धति
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

4. Consider the following statements in the Context of 'Right to Information (Amendment) Bill, 2019':
   1. According to this amendment, the tenure of the Chief Information Commissioner and Information Commissioners will be determined by the Central Government.
   2. The Central Information Commission has a provision of one Chief Information Commissioner and a maximum of 10 Central Information Commissioners and they are appointed by the President.

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 only (b) 2 only
   (c) Both 1 and 2 (d) Neither 1, nor 2

5. Consider the following statements in the context of 'Enforcement Directorate':
   1. It is a multi-disciplinary organization which is part of the Department of Revenue of the Ministry of Finance.
   2. It serves to enforce the provisions of two special fiscal laws — the Foreign Exchange Management Act, 1999 (FEMA) and the Prevention of Money Laundering Act, 2002 (PMLA).

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 only (b) 2 only
   (c) Both 1 and 2 (d) Neither 1, nor 2

6. Consider the following statements in the context of 'National Company Law Tribunal':
   1. It is a quasi-judicial body that gives decisions on issues related to Indian companies.
   2. It was constituted under Section 18 of the Companies Act, 2013.
   3. It has a total of fifteen benches with three benches in New Delhi.

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 only
   (b) 1 and 2 only
   (c) 2 and 3 only
   (d) 1, 2 and 3

7. 'Ponzi Scheme' is –
   (a) A scheme being run for poor farmers.
   (b) A fraudulent investing scam.
   (c) A method to measure black money .
   (d) None of the above


Copyright – Drishti The Vision Foundation

8. 'अकाउंट एग्रीगेटर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. अकाउंट एग्रीगेटर एक वेब आधारित प्रणाली है जो विभिन्न प्रकार के अकाउंट, जैसे- बैंक अकाउंट, इनवेस्टमेंट अकाउंट, क्रेडिट कार्ड अकाउंट आदि से संबंधित सूचनाओं को संगृहीत करती है।
   2. वर्ष 2016 में रिज़र्व बैंक ने अकाउंट एग्रीगेटर को नॉन बैंकिंग फाइनेंसियल कंपनी की श्रेणी का दर्जा दिया था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

9. 'वैश्विक नवाचार सूचकांक-2019' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. नई दिल्ली में जारी वैश्विक नवाचार सूचकांक, 2019 में भारत को 52वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
   2. वैश्विक नवाचार सूचकांक 2019 की थीम है- 'क्रियेटिंग हेल्दी लाइव्स- द फ्यूचर ऑफ मेडिकल इन्नोवेशन'।
   3. वैश्विक नवाचार सूचकांक के इस 12वें संस्करण में स्वीडन को पहला स्थान प्राप्त हुआ।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

10. 'विश्व युवा कौशल दिवस' मनाया जाता है-
   (a) 15 जुलाई (b) 15 अगस्त
   (c) 15 सितंबर (d) 15 अक्टूबर

11. 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 2018 के तहत घोषित की गई सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म है-
   (a) अंधाधुन (b) हेल्लारो
   (c) उरी (d) पैडमैन

12. 'रैमन मैग्सेसे अवॉर्ड- 2019' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारतीय पत्रकार रवीश कुमार को वर्ष 2019 के रैमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।
   2. यह एशिया का सर्वोच्च सम्मान है, जिसकी शुरुआत वर्ष 1957 में की गई थी।
   3. इसका नाम फिलीपींस गणराज्य के तीसरे राष्ट्रपति रैमन मैग्सेसे के नाम पर रखा गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

8. Consider the following statements in the context of 'Account Aggregator':
   1. Account Aggregator is a web-based method that compiles information from different accounts, which may include bank accounts, investment account, credit card accounts, etc.
   2. In year 2016, the Reserve Bank of India gave the status of Non-banking Financial Company category to Account Aggregator.

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 only (b) 2 only
   (c) Both 1 and 2 (d) Neither 1, nor 2

9. Consider the following statements in the context of 'Global Innovation Index– 2019':
   1. India has been ranked 52nd in the Global Innovation Index, 2019 released in New Delhi.
   2. The theme of the Global Innovation Index 2019 is 'Creating Healthy Lives- The Future of Medical Innovation'.
   3. Sweden ranked first in this 12th edition of the Global Innovation Index.

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 and 2 only (b) 3 only
   (c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

10. 'World Youth Skills Day' is celebrated on –
   (a) 15th July (b) 15th August
   (c) 15th September (d) 15th October

11. The best feature film announced in 66th National Film Awards, 2018–
   (a) Andhadhun (b) Hellaro
   (c) Uri (d) Padman

12. Consider the following statements in the context of 'Ramon Magasaysay Award– 2019':
   1. Indian journalist Ravish Kumar has been awarded the Ramon Magsaysay Award for the year 2019.
   2. It is the biggest honor of Asia which was inaugurated in the year 1957.
   3. It is named after Ramon Magsaysay, the third President of the Republic of the Philippines.

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 only (b) 1 and 2 only
   (c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3


Copyright – Drishti The Vision Foundation

13. 'इंटरनेट साथी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गूगल इंडिया और टाटा ट्रस्ट ने पंजाब एवं ओडिशा के गाँवों में इंटरनेट साथी पहल का विस्तार किया है।
2. इंटरनेट साथी कार्यक्रम वर्ष 2015 में शुरू किया गया था।
3. इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में महिलाओं के बीच डिजिटल साक्षरता की सुविधा प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

14. 'हैंड-इन-हैंड सैन्याभ्यास' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत और रूस के बीच वार्षिक रूप से आयोजित होने वाला सैन्याभ्यास है।
2. इस सैन्याभ्यास का 8वाँ संस्करण दिसंबर में मेघालय के शिलॉन्ग के निकट उमरोई में आयोजित किया जाएगा।
3. इस अभ्यास के दौरान संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत किसी देश में विघटनकारी/आतंकवादी गतिविधियों के मुकाबले के लिये कार्रवाई हेतु प्रशिक्षण देना भी शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

15. 'कोसी-मेची लिंकिंग परियोजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस परियोजना के तहत 72 किमी. नहर के माध्यम से कोसी को किशनगंज में मेची बेसिन के साथ जोड़ा जाएगा।
2. मध्य प्रदेश की केन-बेतवा रिवर लिंकेज परियोजना के बाद कोसी-मेची लिंकिंग परियोजना देश की दूसरी रिवर लिंकेज परियोजना है।
3. यदि यह राष्ट्रीय परियोजना घोषित होती है तो लागत का 90% भाग केंद्र और 10% भाग राज्य वहन करेंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

13. Consider the following statements in the context of 'Internet Saathi':

1. Google India and Tata Trust have expanded Internet Saathi initiative in the villages of Punjab and Odisha.
2. Internet Saathi Program was started in the year 2015.
3. It aims to facilitate digital literacy among women in rural India.

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(a) 1 only (b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

14. Consider the following statements in the context of 'Hand-in-Hand Military Exercise':

1. It is a military exercise held between India and Russia annually.
2. The 8th edition of this exercise will be held in December at Umroi near Shillong, Meghalaya.
3. During this exercise, providing training for combating action against disruptive / terrorist activities in a country as per the orders of the United Nations is also included.

Which of the statement(s) given above is/are **not** correct?

(a) 1 only (b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

15. Consider the following statements in the context of 'Kosi-Mechi Linking Project':

1. Under this project, Kosi will be connected with Mechi Basin at Kishanganj via a 72 Km Canal.
2. The Kosi-Mechi linking project is the second river linkage project in the country after the Ken-Betwa River Linkage Project in Madhya Pradesh.
3. If this national project is declared, then 90% of the cost will be borne by the Centre and 10% will be borne by the states.

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3


Copyright – Drishti The Vision Foundation
\\dtp4\Weekly Test\2019\Magazine Test\10 Current Qus Oct 2019\10 Current Qus Oct 2019\7th Proof\12-10-2019

16. 'कोलम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. यह एक ज्यामितीय रेखा है, जो घुमावदार छोरों से बनी होती है तथा डॉट्स के ग्रिड पैटर्न के चारों ओर खींची जाती है।
   2. दक्षिण भारत के केरल तथा तमिलनाडु राज्यों में रंगोली को कोलम कहते हैं।
   3. कोलम से प्रेरित नक्शों ने अब तक तमिलनाडु के छह ज़िलों में 5,000 से अधिक महिलाओं को स्थायी आय का स्रोत प्रदान कर लाभ पहुँचाया है।

कूट:
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

17. 'रातापानी वन्यजीव अभयारण्य' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. महाराष्ट्र सरकार ने इस अभयारण्य को बाघ के लिये आरक्षित घोषित करने का निर्णय लिया है।
   2. यह अभयारण्य मध्य प्रदेश के भोपाल-रायसेन वन प्रभाग में 890 वर्ग किमी. के क्षेत्रफल में फैला है।
   3. इस अभयारण्य में बाघों की संख्या लगभग 40 है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

18. 'वेतन संहिता विधेयक, 2019' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. चार श्रम संहिताओं में यह पहली संहिता है, जो अधिनियम बनने जा रही है।
   2. इस विधेयक में राज्यों द्वारा कामगारों को वेतन का भुगतान डिजिटल तरीकों से करने की परिकल्पना की गई है।
   3. न्यूनतम वेतन का निर्धारण मुख्य रूप से स्थान और कौशल पर आधारित होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 3

19. लोकसभा ने एक ऐसे स्थायी न्यायाधिकरण के गठन के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है, जो जल के बँटवारे से संबंधित सभी अंतर्राज्यीय विवादों की सुनवाई करेगा। इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस प्रस्ताव के तहत अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 में संशोधन किया जाएगा।
   2. न्यायाधिकरण द्वारा दिया गया निर्णय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के समान होगा और उसके विरुद्ध अपील करने का भी कोई प्रावधान नहीं होगा।

16. Which of the following statement(s) is/are correct in the context of 'Kolam':
   1. It is a geometrical line, composed of curved loops, drawn around a grid pattern of dots.
   2. Rangoli is called Kolam in the states of Kerala and Tamil Nadu of South India.
   3. Kolam-inspired maps have so far benefitted more than 5000 women in six districts of Tamil Nadu by providing them a source of permanent income.

Code:
(a) 1 only (b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

17. Consider the following statements in the context of 'Ratapani Wildlife Sanctuary':
   1. Maharashtra government has decided to declare this sanctuary reserved for tigers.
   2. This sanctuary is spreaded over an area of 890 sq. Km in Bhopal-Raisen Forest Division of Madhya Pradesh.
   3. There are about 40 tigers in this sanctuary.

Which of the statement(s) given above is/are **not** correct?
(a) 1 only (b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

18. Consider the following statements in the context of 'Code on Wages Bill, 2019':
   1. This is the first of the four Labor Codes, which is going to become an Act.
   2. The Bill envisages the payment of wages to workers by states digitally.
   3. The determination of minimum wage will be mainly based on location and skills.

Which of the statement(s) given above is/are correct?
(a) 1 only (b) 1, 2 and 3
(c) 2 and 3 only (d) 3 only

19. The Lok Sabha has approved the proposal to set up a permanent tribunal that will hear all inter-state disputes related to the sharing of water. In this context, consider the following statements:
   1. Under this proposal, the Inter-State River Water Disputes Act, 1956 will be amended.
   2. The decision given by the Tribunal will be equivalent to the decision of the Supreme Court and there will be no provision to appeal against it.


Copyright – Drishti The Vision Foundation
\\dtp4\Weekly Test\2019\Magazine Test\10 Current Qus Oct 2019\10 Current Qus Oct 2019\7th Proof\12-10-2019

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

20. 'गोगाबील सामुदायिक रिज़र्व' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गोगाबील को बिहार का पहला सामुदायिक रिज़र्व घोषित किया गया है जो बिहार का 15वाँ संरक्षित क्षेत्र भी है।

2. यह बिहार के कटिहार ज़िले में स्थित है, जिसके उत्तर में महानंदा और कनखर तथा दक्षिण एवं पूर्व में गंगा नदी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

21. 'लुप्तप्राय भाषाओं की सुरक्षा और संरक्षण के लिये योजना (एस.पी.पी.ई.एल)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 2017 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई थी।

2. इस योजना का एकमात्र उद्देश्य देश की ऐसी भाषाओं का दस्तावेज़ीकरण करना और उन्हें संगृहीत करना है, जिनकी निकट भविष्य में लुप्तप्राय या संकटग्रस्त होने की संभावना है।

3. इस योजना की निगरानी कर्नाटक के मैसूर में स्थित केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान द्वारा की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

22. 'कृष्णा वन्यजीव अभयारण्य' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वन्यजीव अभयारण्य कर्नाटक में स्थित है।

2. हाल ही में वन विभाग ने कृष्णा वन्यजीव अभयारण्य में शामिल करने के लिये लगभग 300 हेक्टेयर भूमि की पहचान की है।

3. कृष्णा नदी का मुहाना कृष्णा वन्यजीव अभयारण्य से होकर गुज़रता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(a) 1 only (b) 2 only

(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1, nor 2

20. Consider the following statements in the context of 'Gogabil Community Reserve':

1. Gogabil has been declared the first community reserve of Bihar, which is also the 15th protected area of Bihar.

2. It is situated in the Katihar district of Bihar with Mahananda and Kankhar in the north and the Ganges River in the south and east.

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(a) 1 only (b) 2 only

(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1, nor 2

21. Consider the following statements in the context of 'Scheme for Protection and Preservation of Endangered Languages (SPPEL)':

1. It was established in the year 2017 by the Ministry of Human Resource Development, Government of India.

2. The sole purpose of this scheme is to document and store the languages of the country which are likely to be endangered or threatened in the near future.

3. The scheme is monitored by the Central Institute of Indian Languages in Mysore, Karnataka.

Which of the statement(s) given above is/are **not** correct?

(a) 1 only (b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

22. Consider the following statements in the context of 'Krishna Wildlife Sanctuary':

1. This wildlife sanctuary is located in Karnataka.

2. Recently the Forest Department has identified about 300 hectares of land for inclusion in the Krishna Wildlife Sanctuary.

3. The Krishna River estuary passes through the Krishna Wildlife Sanctuary.

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3



Copyright – Drishti The Vision Foundation

23. 'पट्टामादई रेशमी चटाई' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. पट्टामादई रेशमी चटाई बुनाई की पारंपरिक कला तमिलनाडु के तिरूनेलवेली ज़िले से संबंधित है।
    2. यह चटाई कोराई घास से बनाई जाती है।
    3. पट्टामादई चटाई को भौगोलिक संकेतक का दर्जा प्राप्त है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
    (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

24. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:
    1. 'साथी' पहल
    2. पॉवरटेक्स इंडिया
    3. मर्चेंडाइज़ एक्सपोर्ट्स फ्रॉम इंडिया स्कीम
    4. एकीकृत कौशल विकास योजना

    उपर्युक्त पहल/पहलों में से कौन-सा/से वस्त्र उत्पादन को बढ़ावा देने से संबंधित है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
    (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

25. भारत सरकार ने देश में 17 'प्रतिष्ठित पर्यटक स्थल' विकसित करने का फैसला किया है, जो विश्व स्तर के पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित होंगे। सरकार द्वारा चिह्नित 17 स्थलों में निम्नलिखित में कौन-से शामिल **नहीं** हैं?
    1. हवा महल (राजस्थान)
    2. गोलघर (बिहार)
    3. ताज़महल (उत्तर प्रदेश)
    4. खजुराहो (मध्य प्रदेश)
    5. कोलवा (गोवा)

    कूट:
    (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 5
    (c) केवल 2, 4 और 5 (d) केवल 1, 3 और 4

26. 'कोल्ड स्टार्ट डॉक्ट्रिन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    1. यह डॉक्ट्रिन भारतीय सेना को दुश्मन के क्षेत्र में प्रवेश कर तीव्रता से कार्यवाही करने का लक्ष्य प्रदान करता है।
    2. इस डॉक्ट्रिन का विचार सर्वप्रथम वर्ष 2001 में संसद पर हुए आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन पराक्रम' से आया।
    3. वर्ष 2017 में तत्कालीन थल सेना अध्यक्ष द्वारा इस डॉक्ट्रिन के अस्तित्व को स्वीकार किया गया।

    कूट:
    (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
    (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

23. Consider the following statements in the context of 'Pattamadai Silk Mat':
    1. The traditional art of weaving Pattamadai silk mat belongs to Tirunelveli district of Tamil Nadu.
    2. This mat is made from Korai grass.
    3. Pattamadai mat has been given the Geographical Indicator tag.

    Which of the statement(s) given above is/are correct?
    (a) 1 only (b) 1 and 2 only
    (c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

24. Consider the following statements:
    1. SAATHI initiative
    2. PowerTex India
    3. Merchandise Exports from India Scheme
    4. Integrated Skill Development Scheme

    Which of the above initiative(s) is/are related to promoting the production of textiles?
    (a) 1 only (b) 1 and 2 only
    (c) 2 and 3 only (d) 1, 2, 3 and 4

25. The Government of India has decided to develop 17 'Iconic Tourism Sites' in the country which will be developed into world class tourist destinations. Which of the followings are **not** included in the 17 sites identified by the government?
    1. Hawa Mahal (Rajasthan)
    2. Golghar (Bihar)
    3. Taj Mahal (Uttar Pradesh)
    4. Khajuraho (Madhya Pradesh)
    5. Colva (Goa)

    Code:
    (a) 1 and 2 only (b) 2 and 5 only
    (c) 2, 4 and 5 only (d) 1, 3 and 4 only

26. Which of the following statement(s) is/are correct in the context of 'Cold Start Doctrine'?:
    1. This doctrine provides the Indian Army the goal of entering into enemy territory and acting swiftly.
    2. The idea of this doctrine first came from 'Operation Parakram' after the 2001 terrorist attack on Parliament.
    3. The existence of this doctrine was acknowledged by the then Chief of Army Staff in the year 2017.

    Code:
    (a) 1 only (b) 1 and 2 only
    (c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3


*Copyright – Drishti The Vision Foundation*
\\dtp4\Weekly Test\2019\Magazine Test\10 Current Qus Oct 2019\10 Current Qus Oct 2019\7th Proof\12-10-2019

27. 'एकीकृत युद्ध समूह (आई.बी.जी.)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारतीय सेना ने युद्ध में बेहतर प्रदर्शन और दुश्मन पर त्वरित आक्रमण करने की अपनी क्षमता में वृद्धि करने के लिये पहला 'आई.बी.जी.' के गठन का फैसला किया है।
   2. आई.बी.जी. ब्रिगेड के आकार की एक दक्ष और आत्मनिर्भर युद्ध व्यवस्था है तथा यह सेना के 'कोल्ड स्टार्ट डॉक्ट्रिन' का एक भाग है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

28. 'गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2019 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह विधेयक गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 में संशोधन करता है।
   2. यह विधेयक संबंधित राज्य सरकार की पूर्व अनुमति के बिना कहीं भी छापेमारी करने के लिये एनआईए को सशक्त करने का प्रयास करता है।
   3. इस कानून के तहत आतंकवादी के रूप में नामित किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी को विभिन्न एजेंसियों के साथ साझा किया जा सकेगा।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

29. हाल में चर्चित 'Spektr-RG' है-
   (a) कैंसर इलाज के लिये विकसित नई दवा
   (b) एक अंतरिक्ष दूरबीन
   (c) एक कंप्यूटर वायरस
   (d) पृथ्वी सदृश खोजा गया एक नया ग्रह

30. भारतीय मानक ब्यूरो ने पश्मीना उत्पादों की शुद्धता प्रमाणित करने के उद्देश्य से उसकी पहचान और लेबलिंग की प्रक्रिया को भारतीय मानक के दायरे में रख दिया है। इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस प्रमाणीकरण से पश्मीना उत्पादों में होने वाली मिलावट पर रोक लगेगी और उपभोक्ताओं के लिये पश्मीना की शुद्धता भी सुनिश्चित होगी।
   2. इससे कच्चा माल तैयार करने वाले घुमंतू कारीगरों तथा स्थानीय दस्तकारों के हितों की रक्षा होगी।
   3. लद्दाख विश्व में सर्वाधिक और सबसे उन्नत किस्म के पश्मीना का उत्पादन करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

27. Consider the following statements in the context of 'Integrated Battle Group (IBG)':
   1. The Indian Army has decided to form the first 'IBG' to increase its ability to perform well in battle and to quickly attack the enemy.
   2. The IBG has an efficient and self-sufficient combat system of a brigade size and is a part of the 'Cold Start Doctrine' of the Army.

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 only (b) 2 only
   (c) Both 1 and 2 (d) Neither 1, nor 2

28. Consider the following statements in the context of 'Unlawful Activities (Prevention) Amendment Bill, 2019':
   1. This bill amends the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967.
   2. This bill seeks to empower the NIA to conduct raids anywhere without the prior permission of the concerned state government.
   3. The personal or financial information of a person designated as a terrorist under this law can be shared with various agencies.

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 only (b) 1 and 2 only
   (c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

29. Spektr-RG, recently seen in news, is:
   (a) A drug developed for the treatment for Cancer
   (b) A space telescope
   (c) A computer virus
   (d) A newly discovered earth-like planet

30. The Bureau of Indian Standards has put the process of identification and labeling of Pashmina products under the purview of the Indian standard for the purpose of certifying its purity. In this context, consider the following statements:
   1. This certification will prevent adulteration of Pashmina products and will also ensure the purity of Pashmina for consumers.
   2. This will protect the interests of nomadic artisans and local craftsmen who produce raw materials.
   3. Ladakh produces the highest amount and most advanced variety of Pashmina in the world.

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 only (b) 1 and 2 only
   (c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3


Copyright – Drishti The Vision Foundation

31. 'अखिल भारतीय बाघ अनुमान' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. 29 जुलाई, 2019 को वर्ष 2018 में हुई बाघों की गणना के चौथे चक्र के आँकड़े जारी किये गए।
   2. दुनिया भर में 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के रूप में मनाया जाता है।
   3. इस नई रिपोर्ट में तीन बाघ अभयारण्यों- बक्सा (प. बंगाल), डंपा (मिज़ोरम) और पलामू (झारखंड) में बाघों की अनुपस्थिति दर्ज की गई है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

32. 'वॉटर स्ट्रेस इंडेक्स' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह सूचकांक भारत को जल संकट के संदर्भ में विश्व में 46वें सबसे उच्च जोखिम वाले देश के रूप में सूचीबद्ध करता है।
   2. सूचकांक में भारत के 20 सबसे बड़े शहरों में से 11 में जल तनाव का स्तर 'अत्यधिक जोखिमपूर्ण' है तथा 7 शहर उच्च जोखिम की श्रेणी में हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

33. 'पीटलैंड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. यह एक प्रकार की आर्द्रभूमि है।
   2. वर्तमान में भू-सतह का तकरीबन 3% हिस्सा पीटलैंड्स द्वारा आच्छादित है।
   3. कुछ दिनों पहले केन्या की राजधानी नैरोबी में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण महासभा द्वारा पीटलैंड पर अपना पहला प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

34. 'जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस अधिनियम के अनुसार, जम्मू और कश्मीर राज्य को जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र एवं लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र में पुनर्गठित किया गया है।
   2. दोनों संघ राज्य क्षेत्रों को राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त प्रशासक 'उपराज्यपाल' के माध्यम से राष्ट्रपति द्वारा प्रशासित किया जाएगा।
   3. दोनों संघ राज्य क्षेत्रों के लिये अलग-अलग उच्च न्यायालय होंगे।

31. Consider the following statements in the context of 'All India Tiger Estimation':
   1. On 29 July, 2019, the data for the fourth round of tiger counts in 2018 was released.
   2. July 29 is celebrated worldwide as International Tiger Day.
   3. This new report records the absence of tigers in three tiger reserves - Baksa (West Bengal), Dampa (Mizoram) and Palamu (Jharkhand).

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 only (b) 1 and 2 only
   (c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

32. Consider the following statements in the context of 'Water Stress Index':
   1. This index lists India as the 46th highest risk country in the world in terms of water crisis.
   2. Out of the 20 largest cities in India, 11 have levels of water stress in 'extremely high risk' and 7 cities are in the 'high risk' category in the index.

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 only (b) 2 only
   (c) Both 1 and 2 (d) Neither 1, nor 2

33. Which of the following statement(s) is/are correct in the context of 'Peatland'?
   1. It is a type of wetland
   2. Presently, 3% of earth's surface is covered by peatlands.
   3. Few days ago, United National Environment Programme accepted its first proposal on Peatland in Nairobi, the capital of Kenya.

   Code:
   (a) 1 only (b) 1 and 2 only
   (c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

34. Consider the following statements in the context of 'Jammu and Kashmir Reorganisation Act, 2019':
   1. According to this Act, the State of Jammu and Kashmir has been reorganized into the Union Territory of Jammu and Kashmir and the Union Territory of Ladakh.
   2. Both Union Territories shall be administered by the President through the Administrator 'Lieutenant Governor' appointed by the President.
   3. There will be separate High Courts for both the Union Territories.


Copyright – Drishti The Vision Foundation
\\dtp4\Weekly Test\2019\Magazine Test\10 Current Qus Oct 2019\10 Current Qus Oct 2019\7th Proof\12-10-2019

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत को वित्त वर्ष 2024-25 तक 5 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तय किया गया है, ताकि यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके।
2. मौजूदा बजट (2019-20) में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 3.3 प्रतिशत तय किया गया है।
3. केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 2017-18 में जीडीपी का 3.5 प्रतिशत था, जो 2018-19 में घटकर 3.4 प्रतिशत हो गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

36. 'मोबिलिटी कार्ड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत का पहला भुगतान प्लेटफॉर्म परिवहन के लिये राष्ट्रीय आम मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) देश की पहली स्वदेश निर्मित भुगतान प्रणाली है, जिसकी शुरुआत मार्च 2019 में की गई।
2. एनसीएमसी मानकों के आधार पर एनसीएमसी कार्ड, 'स्वीकार (स्वचालित किराया) और स्वागत (स्वचालित गेट)' का उपयोग किया जाता है।
3. उपभोक्ता मेट्रो, बस, उपनगरीय रेलवे, टोल, पार्किंग, स्मार्ट सिटी और रिटेल परिवहन से जुड़े सभी माध्यमों में इस कार्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व बैंक के वर्ष 2018 के आँकड़ों के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2.73 ट्रिलियन डॉलर के साथ विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।
2. वर्ष 2017 के आँकड़ों में भारत को छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताया गया था, लेकिन नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, उस वर्ष भारत वास्तव में पाँचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(a) 1 only (b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

35. Consider the following statements:

1. India has set the goal of creating a $ 5 trillion economy by FY 2024-25, so that it can become the world's third largest economy.
2. In the current budget (2019-20), the fiscal deficit target has been set at 3.3 percent of GDP.
3. The central government's fiscal deficit was 3.5 percent of GDP in 2017-18, which came down to 3.4 percent in 2018-19.

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(a) 1 only (b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

36. Consider the following statements in the context of 'Mobility Card':

1. India's first payment platform, National Common Mobility Card for Transport (NCMC) is the country's first indigenously manufactured payment system, which was launched in March 2019.
2. Based on the NCMC standards, NCMC cards 'SWEEKAR (Swachait Kiraya or automatic fare) and SWAGAT (Swachalit Gate or automatic gate)' are used.
3. Consumers can use this card in all modes related to metro, bus, suburban railway, toll, parking, smart city and retail transport.

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(a) 1 only (b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

37. Consider the following statements:

1. According to the World Bank of 2018 figures, Indian economy with $ 2.73 trillion is the sixth largest economy in the world.
2. In the 2017 statistics, India was declared as the sixth largest economy, but according to the latest statistics, that year India actually became the fifth largest economy.

Which of the statement(s) given above is/are **not** correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1, nor 2


Copyright – Drishti The Vision Foundation

38. 'क्रिप्टोकरेंसी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) क्रिप्टोकरेंसी बाज़ार के उतार-चढ़ावों के अधीन होती है।

(b) क्रिप्टोकरेंसी विकेंद्रीकृत होती है, जिसके कारण उसे विनियमित करना मुश्किल होता है।

(c) क्रिप्टोकरेंसी को बड़ी मात्रा में भंडारित और प्रसंस्कृत करने की आवश्यकता होती है, जिससे देश के ऊर्जा संसाधनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

(d) उपर्युक्त सभी।

39. 'ज़ीरो बजट नेचुरल फार्मिंग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे आंध्र प्रदेश सरकार ने वर्ष 2015 में अपनाया।
2. इस कृषि पद्धति को किसानों के बीच लोकप्रिय बनाने का काम एक गैर-लाभकारी संगठन 'रायतु साधिकरा संस्था' कर रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

40. मानव अधिकार संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2019 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विधेयक में यह प्रावधान है कि कोई व्यक्ति, जो उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश या उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश रहा हो, एनएचआरसी का अध्यक्ष हो सकता है।
2. विधेयक में 3 सदस्यों की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है, जिनमें से कम-से-कम एक महिला होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

41. 'इंजेती श्रीनिवास समिति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस समिति का गठन कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) के लिये किया गया।
2. इस समिति द्वारा सी.एस.आर. के अनुपालन के उल्लंघन को सिविल अपराध की श्रेणी में रखकर जुर्माना लगाने की सिफारिश की गई है।
3. समिति ने कंपनी अधिनियम के खंड-7 को संयुक्त राष्ट्र के सतत् विकास लक्ष्यों के अनुरूप बनाने की सिफारिश की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

38. Which of the following statement(s) is/are correct in the context of 'Cryptocurrency'?

(a) Cryptocurrency is subject to fluctuations in the market.

(b) Cryptocurrency is decentralized, due to which it is difficult to regulate.

(c) Cryptocurrencies need to be stored and processed in large quantities, which can adversely affect the country's energy resources.

(d) All of the above.

39. Consider the following statements in the context of 'Zero Budget Natural Farming':

1. The Government of Andhra Pradesh adopted it in 2015.
2. A non-profit organization called 'Raytu Sadhikara Sanstha' is working to make this agricultural practice popular among the farmers.

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(a) 1 only (b) 2 only

(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1, nor 2

40. Consider the following statements in the context of Human Rights Protection (Amendment) Bill, 2019:

1. The Bill has a provision that a person, who has been the Chief Justice of the Supreme Court or a Judge of the Supreme Court, can be the President of the NHRC.
2. The Bill provides for the appointment of 3 members, out of which at least one shall be a woman.

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(a) 1 only (b) 2 only

(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1, nor 2

41. Consider the following statements in the context of 'Injeti Srinivas Committee':

1. This committee was constituted for Corporate Social Responsibility (C.S.R).
2. This committee has recommended imposing a penalty for violating the compliance of C.S.R putting it under civil offense category.
3. The committee has recommended aligning clause-7 of the Companies Act with the Sustainable Development Goals of the United Nations.

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(a) 1 only (b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3


*Copyright – Drishti The Vision Foundation*
\\dtp4\Weekly Test\2019\Magazine Test\10 Current Qus Oct 2019\10 Current Qus Oct 2019\7th Proof\12-10-2019

42. 'करेंसी युद्ध' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. अमेरिकी कोष विभाग ने चीन को मुद्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाला देश या 'करेंसी मैनीपुलेटर' घोषित कर दिया है।
   2. मुद्रा के साथ छेड़छाड़ वह स्थिति होती है, जब सरकारें व्यापार में अनुचित लाभ हासिल करने के लिये विनिमय दर को कृत्रिम रूप से परिवर्तित करने की कोशिश करती हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

43. 'मुद्रा विनिमय दर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. विदेशी मुद्रा की प्रति इकाई घरेलू मुद्रा में कीमत, मुद्रा की विनिमय दर कहलाती है।
   2. सैद्धांतिक आधार पर किसी मुद्रा की विनिमय दर उस मुद्रा की मांग और पूर्ति की अंतर क्रिया पर निर्भर करती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

44. 'संप्रभु बॉण्ड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. संप्रभु बॉण्ड सरकार द्वारा जारी प्रतिभूतियाँ होती हैं, जिनके द्वारा सरकार राजकोषीय घाटे के वित्तीयन तथा अस्थायी नकदी असंतुलन का प्रबंधन करती है।
   2. संप्रभु बॉण्ड रुपए अथवा विदेशी मुद्रा में भी जारी किया जा सकता है।
   3. भारत में अभी तक सरकार ने घरेलू बाज़ार में केवल स्थानीय मुद्रा (रुपया आधारित) में ही संप्रभु बॉण्ड जारी किये हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

45. 'खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड' (KABIL) की स्थापना निम्नलिखित में से किन सार्वजनिक क्षेत्र के केंद्रीय प्रतिष्ठानों की भागीदारी से की जाएगी?
   1. राष्ट्रीय एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड
   2. हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड
   3. मिनरल एक्सप्लोरेशन कंपनी लिमिटेड
   4. हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

   कूट:
   (a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 1, 2 और 3
   (c) केवल 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

42. Consider the following statements in the context of 'Currency War':
   1. The US Treasury Department has declared China as a currency tampering country or 'currency manipulator'.
   2. Currency Tampering is a situation, when governments try to artificially change the exchange rate to gain an unfair advantage in trade.

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 only (b) 2 only
   (c) Both 1 and 2 (d) Neither 1, nor 2

43. Consider the following statements in the context of 'Currency Exchange Rate':
   1. Price foreign currency in per unit domestic currency is called currency exchange rate.
   2. On a theoretical basis, the exchange rate of a currency depends on the interplay of demand and supply of that currency.

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 only (b) 2 only
   (c) Both 1 and 2 (d) Neither 1, nor 2

44. Consider the following statements in the context of 'Sovereign Bonds':
   1. Sovereign bonds are securities issued by the government through which the government finances fiscal deficit and manages temporary cash imbalances.
   2. Sovereign bonds can also be issued in rupees or foreign currency.
   3. Until now in India, the government has issued sovereign bonds only in the local currency (rupee based) in the domestic market.

   Which of the statement(s) given above is/are correct?
   (a) 1 only (b) 1 and 2 only
   (c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

45. Khanij Bidesh India Ltd. (KABIL) will be set up with the participation of which of the following public sector central enterprises?
   1. National Aluminum Company Limited
   2. Hindustan Copper Limited
   3. Mineral Exploration Company Limited
   4. Hindustan Petroleum Corporation Limited

   Code:
   (a) 1, 2 and 4 only (b) 1, 2 and 3 only
   (c) 3 and 4 only (d) 1, 2, 3 and 4


Copyright – Drishti The Vision Foundation
\\dtp4\Weekly Test\2019\Magazine Test\10 Current Qus Oct 2019\10 Current Qus Oct 2019\7th Proof\12-10-2019

46. 'iSPIRT' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक गैर-लाभकारी प्लेटफॉर्म है, जो देश में सॉफ्टवेयर उत्पाद कंपनियों को बढ़ावा देने के साथ ही सरकारी नीतियों में सहयोग तथा सॉफ्टवेयर में निवेश को प्रोत्साहित करता है।
2. वर्ष 2016 में लगभग 30 उत्पाद कंपनियों और व्यक्तियों ने iSPIRT की शुरुआत की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

47. 'मुक्त व्यापार समझौता' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके अंतर्गत दो देशों के बीच आयात-निर्यात के तहत उत्पादों पर सीमा शुल्क, नियामक कानून, सब्सिडी और कोटा आदि को सरल बनाया जाता है।
2. हाल ही में वियतनाम और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता पर करार किया गया।
3. इस समझौते के बाद भारत द्वारा यूरोपीय संघ को निर्यात किये जाने वाले समुद्री खाद्य पदार्थ प्रतिकूल रूप से प्रभावित होंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

48. इंटरमीडिएट-रेंज न्यूक्लियर फोर्सेस (आई.एन.एफ.) मिसाइल संधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राज्य अमेरिका ने आधिकारिक रूप से शीत युद्ध के दौरान की गई इस संधि से हटने की घोषणा की है।
2. यह संधि अमेरिका और रूस के बीच वर्ष 1987 में शीतयुद्ध के दौरान मध्यम दूरी वाली पारंपरिक एवं परमाणु मिसाइलों की शक्तियों को सीमित करने के लिये हुई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

49. 'वर्किंग हॉलिडे मेकर' वीज़ा कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा यात्रियों को उनके अवकाश के दौरान अल्पकालिक रोज़गार के माध्यम से पैसा कमाने का अवसर प्रदान करना है।
2. ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा भारत सहित एक दर्जन से अधिक देशों में इस वीज़ा कार्यक्रम का विस्तार करने का निर्णय लिया गया।

46. Consider the following statements in the context of 'iSPIRIT':

1. It is a non-profit platform that promotes software products companies in the country as well as promotes cooperation in government policies and investment in software.
2. In the year 2016, about 30 product companies and individuals started iSPIRIT.

Which of the statement(s) given above is/are **not** correct?

(a) 1 only (b) 2 only
(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1, nor 2

47. Consider the following statements in the context of 'Free Trade Agreement':

1. Under this, customs duties, regulatory laws, subsidies and quotas etc. on products under import-export between two countries are eased.
2. Recently agreement on free trade agreement between Vietnam and EU was signed upon.
3. After this agreement, sea foods exported by India to the European Union will be adversely affected.

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(a) 1 only (b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

48. Consider the following statements in the context of Intermediate-Range Nuclear Forces (INF) Missile Treaty':

1. The United States has officially announced its withdrawal from this Treaty made during the Cold War.
2. This treaty was signed between the US and Russia in the year 1987 during the Cold War to limit the powers of medium-range conventional and nuclear missiles.

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(a) 1 only (b) 2 only
(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1, nor 2

49. Consider the following statements in the context of 'Working Holiday Maker' Visa Programme :

1. The purpose of this program is to provide young travelers with an opportunity to earn money through short-term employment during their vacation.
2. It was decided by the Australian Government to extend this visa program to more than a dozen countries including India.


*Copyright – Drishti The Vision Foundation*
\\dtp4\Weekly Test\2019\Magazine Test\10 Current Qus Oct 2019\10 Current Qus Oct 2019\7th Proof\12-10-2019

3. इस वीज़ा का उद्देश्य भारत के घरेलू क्षेत्रों, मुख्यत: कृषि क्षेत्र में श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर इनकी कमी को दूर करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 2 और 3

50. 'लाइटसेल 2 प्रोजेक्ट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बॉक्सिंग रिंग के आकार का लाइटसेल 2 पृथ्वी के समीप की कक्षा में लॉन्च किया गया पहला लाइटसेल (सौर पाल) है, जिसे पतली माइलर सामग्री से बनाया गया है।
2. लाइटसेल 2 प्रोजेक्ट एक गैर-सरकारी संगठन, प्लैनेटरी सोसायटी के तत्त्वावधान में संचालित है, जो एक वर्ष तक पृथ्वी की परिक्रमा करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

51. 'उत्तरी अमेरिका एयरोस्पेस रक्षा कमान' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन का एक संयुक्त संगठन है।
2. इसकी स्थापना 12 मई, 1958 को की गई थी।
3. इसका मुख्यालय कोलोराडो स्प्रिंग्स (अमेरिका) में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

52. वाणिज्यिक रॉकेट, हाइपरबोला-1 निम्नलिखित में से किस देश के द्वारा लॉन्च किया गया है?

(a) भारत (b) चीन
(c) उत्तर कोरिया (d) रूस

53. माइक्रोसैटेलाइट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

